दिनांक 04.08.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पूरे कोरोना कॉल में निरंतर मोबाइल मेडिकल यूनिट ने दी अपनी बेहतर सेवाएं , लोगों को जरूरत की दवाइयां कराई उपलब्ध

-मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर का अपर आयुक्त ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट अपनी निरंतर सेवाएं दे रहा है , यहां तक की पूरे कोरोना कॉल में एक भी दिन इसकी सेवाएं बाधित नहीं हुई, कोरोना के दौरान क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के साथ ही जरूरत की दवाइयां मोबाइल मेडिकल यूनिट ने उपलब्ध कराई! इमरजेंसी के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था भी यहां पर उपलब्ध है! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्लम क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से शिविर लगाकर लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना का निरीक्षण करने निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर आज अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने भिलाई निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे उन्होंने शिविर में चिकित्सकों व उपस्थित स्टाफ की जानकारी लेते हुए मेडिकल यूनिट में किए जा रहे जांच की जानकारी ली। महिलाओं की छोटी , बड़ी बीमारियों का इलाज दाई-दीदी क्लीनिक में हो रहा है , दाई-दीदी क्लीनिक महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रही है! महिलाएं अपनी कई सारी चिकित्सा संबंधी परेशानियां लेकर दाई-दीदी क्लीनिक में पहुंचती है और क्लीनिक के महिला डॉक्टर से खुलकर अपनी बीमारियों के संबंध में बताती हैं! महिला चिकित्सक बीमारियों को समझकर आवश्यक जांच कर दवाइयां उपलब्ध करा रही है साथ ही बेहतर चिकित्सीय सलाह भी दे रही है! निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना भी मौजूद रहे!

मोबाइल मेडिकल यूनिट में डेंगू जांच की सुविधा भी उपलब्ध मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से बीपी , शुगर, थायराइड, सीकलिन के साथ ही 41 प्रकार के जांच की सुविधा उपलब्ध है! चलित चिकित्सा इकाई में डेंगू की भी जांच की जाती है! एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर इशांत शर्मा एवं भावना राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से कई लोगों की डेंगू जांच की जा चुकी है!

जनसम्पर्क अधिकारी